**Email** rkmatoria@nic.in

**NEWS.jpeg**

# डॉ. रंगनाथन राज्य पुस्तकालय समिति अवार्ड-2020 की घोषणा

## लाइब्रेरियन्स डे के दिन होंगे चयनित होंगे सम्मानितः डॉ कौशल किशोर चौधरी

**हमारा समाचार**

**पटना (बिहार)।** डॉ. रंगनाथन राज्य पुस्तकालय समिति (बिहार) के अध्यक्ष डॉ कौशल किशोर चौधरी द्वारा रंगनाथन राज्य पुस्तकालय समिति अवार्ड-2020 की घोषणा की गई है । समिति के अध्यक्ष डॉ कौशल किशोर चौधरी ने कहा कि चयन समिति की सिफ़ारिश के आधार पर सभी दस कटेगरी के अवार्ड की घोषणा की गई है जिसमें आवेदकों के वर्ष 2020 के कार्यो, योगदानों और गतिविधियों को आधार बनाया गया है, लाइफ टाइम अचिवमेंट अवार्ड, राजा राममोहन राय लाइब्रेरी फाउंडेशन के रिटायर्ड डाइरेक्टर जनरल डॉ प्रेम कुमार जयसवाल को; डॉ यू एम ठाकुर बेस्ट यूनिवर्सिटी लाइब्रेरियन अवार्ड, डॉ राममनोहर लोहिया नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के डिप्टी लाइब्रेरियन डॉ मनीष कुमार बाजपेयी को; के पी सिन्हा बेस्ट पब्लिक लाइब्रेरियन अवार्ड, सरकारी सार्वजनिक पुस्तकालय कोटा (राजस्थान) संभाग के डिवीजनल लाइब्रेरियन एवं अध्यक्ष डॉ दीपक श्रीवास्तव को; श्री बरुन सरकार बेस्ट लाइब्रेरी साइंस टीचर अवार्ड, असम सेंट्रल यूनिवर्सिटी के पुस्तकालय विज्ञान विभाग के अध्यक्ष एवं स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय विज्ञान संकाय के संकायअध्यक्ष प्रोफेसर मनोज कुमार सिन्हा को; डॉ एस एन दास बेस्ट लाइब्रेरी प्रोफेशनल ऑफ बिहार अवार्ड, शासकीय महाविद्यालय मझगावा, सतना के लाइब्रेरियन श्री अजित कुमार को; डॉ अनिरुद्ध प्रसाद बेस्ट विद्यालय लाइब्रेरियन अवार्ड, केंद्रीय विद्यालय इफको गांधीधाम लाइब्रेरियन के श्री शिव नन्द मिश्रा को; डॉ कौशल किशोर बेस्ट यंग लाइब्रेरी प्रोफेशनल ऑफ अवार्ड, शासकीय महाविद्यालय चँदला, छतरपुर के लाइब्रेरियन श्री संतोष कुमार कोरी को; बेस्ट यंग लाइब्रेरी प्रोफेशनल ऑफ बिहार अवार्ड, सैनिक विद्यालय तिलैया लाइब्रेरियन के श्री विकास कुमार सिंह को; लाइब्रेरी एंड इन्फोर्मेशन प्रेसियस जेम अवार्ड, केंद्रीय विद्यालय समस्तीपुर के लाइब्रेरियन डॉ अमित किशोर को एवं लाइब्रेरी एंड इन्फोर्मेशन पिनाक्कल अवार्ड, ई-ग्रंथालय पुस्तकालय स्वचलन सॉफ्टवेयर बिहार रीजन के कोर्डीर्डिनेटर, नेशनल इन्फोर्मेटिक्स सेंटर, पटना के श्री रवि रंजन को प्रदान किया गया है। सभी चयनित को लाइब्रेरियन्स डे के दिन सम्मानित किया जाएगा ।

**NEWS 2.PNG**

# पुस्तकालयों की दशा सुधारने के लिए आगे आए समाज और सरकार

ON AUGUST 12, 2021

मुजफ्फरपुर। समुचित विकास और बेहतर समाज की रचना में शिक्षा और लाइब्रेरी की अहम भूमिका रही है। यह दुख की बात है कि बिहार में लाइब्रेरी की दशा बेहद खराब है। इस पर किसी का ध्यान नहीं है। एक जमाने में गांव गांव लाइब्रेरी हुआ करती थी, अब इनका नाम तक सुनाई नहीं देता। सार्वजनिक और शौक्षणिक लाइब्रेरी की दशा सुधारने के लिए सरकार और समाज दोनों को पहल करने की जरूरत है। उक्त बातें पुस्तकालय दिवस पर बिहार विधानसभा की पुस्तकालय समिति के सभापति व भाकपा माले के विधायक सुदामा प्रसाद ने कहीं। पुस्तकालय दिवस पर वह एक आनलाइन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

डॉ एसआर रंगनाथन जयंती और पुस्तकालय दिवस के उपलक्ष्य में पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग, बीआरए बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर और बिहार पुस्तकालय विज्ञान नेट एवं पीएच डी होल्डेर्स एसोसिएशन द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस राष्ट्रीय सेमिनार का विषय था 'डिजिटल युग में डॉ रंगनाथन के पाँच सूत्रों की प्रासंगिकता'। इस सेमिनार में करीब 20 राज्यों से 200 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।


आयोजन समिति के सचिव सह सेमिनार के निदेशक डॉ कौशल किशोर चौधरी ने बताया कि कुलपति प्रोफेसर हनुमान प्रसाद पांडे के संरक्षण में आयोजित इस सेमिनार में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वक्ताओं ने अपनी बात रखते हुए बिहार में पुस्तकालयों की दशा सुधारने के लिए ठोस पहल करने की मांग की। वक्ताओं ने इसके लिए कई सुझाव भी दिए। पुस्तकालयों के प्रति लोगों की रूचि और बढ़ाने के लिए शिक्षा बजट में पांच प्रतिशत राशि का अलग से प्रावधान करने की मांग की गई।

सेमिनार के उदघाटन समारोह के मुख्य अतिथि बिहार विधानसभा की पुस्तकालय समिति के सभापति और भाकपा माले के विधायक सुदामा प्रसाद ने द्वारा की जा रही पहल की सराहना की गई। डा. कौशल किशोर चौधरी ने कहा कि सुदामा प्रसाद को सभापति बनाए जाने से आज बिहार में लाइब्रेरी की दशा और दिशा पर चहुंओर चर्चा होने लगी है। वरना इस विभाग को कोई पूछने वाला नहीं था। सरकार को चाहिए कि इस दिशा में गंभीरता से विचार करे। लाइब्रेरी समाज की जरूरत है।

सेमिनार के मुख्य वक्ताओं में डॉ एसपी सूद, डॉ पीके जयसवाल, प्रोफेसर हीरक कांति चक्रबर्ती, श्री बरुन सरकार, प्रोफेसर मनोज कुमार सिन्हा, डॉ मनीष कुमार बाजपई, डॉ प्रिया राय, डॉ आकाश सिंह, संतोष कोरी, अजित कुमार, रवि रंजन, शीवजी प्रसाद, डॉ अर्जुन, डॉ अख्तर हुसैन आदि शामिल थे। स्वागत भाषण डॉ अमित किशोर ने दिया। अध्यक्षीय भाषण डॉ कौशल किशोर चौधरी ने दिया। समापन भाषण आनंद झा, धन्यवाद ज्ञापन विकास कुमार सिंह एवं संचालन कुमारी अमृता ने किया।

---

**WhatsApp Image 2021-09-01 at 10.26.41 AM.jpeg**




**WhatsApp Image 2021-09-01 at 10.27.57 AM.jpeg**

# Dr. Ranganathan State Library Committee

( डॉ. रंगनाथन राज्य पुस्तकालय समिति )

कन्हौली, आर.के.पुरम., लेन नं. 4, बेला, मुज्जफरपुर ( बिहार )-843116

(Registered under the Societies Registration Act, 1860(Reg. No.-872/2015)

## DRSLC AWARDS 2020
## DRSLC LIS-Pinnacle Award



# Shri Ravi Ranjan

Dr. Ranganathan State Library Committee, Muzaffarpur, is pleased to confer the ***DRSLC LIS-Pinnacle Award*** to ***Shri Ravi Ranjan*** (e-Granthalaya Coordinator, NIC, Bihar). The award is given as recognition of his outstanding contribution to LIS profession. This award is acknowledgement of his illustrious professional contributions towards development of perception and services of libraries.





(Dr. Kaushal Kishor Chaudhary)
President, Dr. Ranganathan State
Library Committee, Muzaffarpur (Bihar)

**Date : 12 Aug. 2021**

**WhatsApp Image 2021-09-01 at 10.27.57 AM (1).jpeg**


DRSLC AWARDS 2020
DRSLC LIS-Pinnacle Award
Shri Ravi Ranjan
Dr. Ranganathan State Library Committee, Muzaffarpur, is pleased to confer the *DRSLC LIS-Pinnacle Award* to *Shri Ravi Ranjan* (e-Granthalaya Coordinator, NIC, Bihar). The award is given as recognition of his outstanding contribution to LIS profession. This award is acknowledgement of his illustrious professional contributions towards development of perception and services of libraries.
Date : 12 Aug. 2021
(Dr. Kaushal Kishor Chaudhary)
President, Dr. Ranganathan State Library Committee, Muzaffarpur (Bihar)
Dr. Ranganathan State Library Committee
( डॉ. रंगनाथन राज्य पुस्तकालय समिति )
कन्हौली, आर.के.पुरम., लेन नं. 4, बेला, मुजफ्फरपुर ( बिहार )-843116